Ministry of Culture
Government of India

सत्यमेव जयते

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)

सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना – 2026-27

सीसीआरटी विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों जैसे कि संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला, मूर्तिकला, शिल्पकला और साहित्यिक कला के परंपरागत रूपों में ऐसे दुर्लभ कला रूपों पर विशेष जोर देते हुए जो विलुप्त होने के कगार पर हैं, विशिष्ट प्रशिक्षण दिलाने के लिए या तो मान्यताप्राप्त स्कूलों में पढ़ाई कर रहे अथवा परंपरागत प्रदर्शन कलाओं से जुड़े परिवारों के 10 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में (अंतिम पात्रता तिथियों के अनुसार) चयनित उत्कृष्ट प्रतिभासंपन्न बच्चों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना लागू करता है। इस योजना के अंतर्गत प्रदान की गई छात्रवृत्ति एक बार में दो वर्ष के लिए होती है जो शिक्षा की प्रथम विश्वविद्यालय डिग्री चरण या 20 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, छात्रवृत्तिधारक के संतोषजनक प्रगति बनाए रखने की शर्त के साथ प्रत्येक दो वर्ष के बाद नवीकरणीय होती है। नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार प्रत्येक वर्ष 650 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं :

सामान्य श्रेणी और अन्य के लिए छात्रवृत्तियां 375	परंपरागत कलाकार परिवारों के लिए 125 छात्रवृत्तियां
जनजातीय संस्कृति /अनुसूचित जनजाति के लिए 100 छात्रवृत्तियां	अलग रूप से सक्षम (दिव्यांग) बच्चों के लिए 20 छात्रवृत्तियां
सृजनात्मक लेखन/साहित्यिक कलाओं के लिए 30 छात्रवृत्तियां	

छात्रवृत्ति का मूल्य रुपए 3600/- (रुपए तीन हजार छह सौ मात्र) प्रति वर्ष है और विशिष्ट प्रशिक्षण के लिए रुपए 9000/-(रुपए नौ हजार मात्र) प्रति तक वास्तविक शिक्षण शुल्क का भी भुगतान किया जाता है। जिन बच्चों की जन्म –तिथि **01-07-2012 और 30-06-2016** (दोनों तिथियां शामिल हैं) के बीच है वे वर्ष 2026-27 के लिए छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के पात्र हैं। आवेदन –पत्र और अन्य ब्यौरे सीसीआरटी की वेबसाइट-www.ccrtindia.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं या निम्नलिखित में से किसी भी पते से स्वयं /डाक द्वारा मुफ्त प्राप्त किए जा सकते है:

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, 15 ए, सैक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075 दूरभाष - 011-28040013 ई-मेल -ddsch.ccrt@nic.in वेबसाइट - www.ccrtindia.gov.in	**सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, 1-118/सीसीआरटी, सर्वे नं.64, समीप गूगल ऑफिस, माधापुर, हैदराबाद - 500 084, दूरभाष - 040-23117050 एवं 23111910 ई-मेल - rchyd.ccrt@nic.in**
सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, हवाला खुर्द, बड़गावँ, उदयपुर, राजस्थान-313001 दूरभाष - 0294-2430764, टैलीफैक्स - 0294-2430771 , ई-मेल - rcud.ccrt@nic.in	**सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, 58, जूरी पार, पंजाबाड़ी रोड, गुवाहाटी – 781037, असम दूरभाष - 0361-2330152 , टैलीफैक्स - 0361-2335316 , ई-मेल - rcgwt.ccrt@nic.in**
सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, पुरानी कलेक्ट्रेट बिल्डिंग, दमोह, मध्य प्रदेश-470661 दूरभाष - 07812-299187 ई-मेल - rcdamoh-ccrt@gov.in	

संगत दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र रविवार 31 मई 2026 को या इससे पहले सीसीआरटी, नई दिल्ली -110075 में पहुँच जाना चाहिए। डाक में किसी भी विलंब के लिए सीसीआरटी जिम्मेदार नहीं होगा और अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन -पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।